हरिभूमि
# विराट भूमि
शहडोल | बुढ़ार | धनपुरी | ब्यौहारी | जयसिंहनगर | बाणसागर
जबलपुर, मंगलवार 9 जनवरी 2024
login : www.haribhoomi.com


**खबर संक्षेप**

## अंनुगूँज कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्र-मेंटर्स को दिया प्रशस्ति पत्र



**शहडोल।** अंनुगूंज 2023-24 कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय में उपस्थित होकर सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान करने की कार्रवाई संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सहदेव सिंह मेरावी ने 08 जनवरी को शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोहागपुर चंपा में प्रमाण पर वितरण किया। कार्यक्रम में श्री मेरावी द्वारा विद्यार्थियों को नृत्य एवं गीत की प्रस्तुति हेतु तैयार करने के लिए मेंटर्स को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेंटर्स सुश्री अपूर्व सिंह, अंकित वर्मा, श्रीमती विजय चतुर्वेदी, अरुण द्विवेदी, अरुण प्रजापति तथा श्रीमती वंदना द्विवेदी, शबाना बानो, संजय तिवारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। श्री मेरावी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में तथा विद्यालय के बाहर छात्र-छात्राओं के प्रतिभा को निखारने के लिए अनुगूँज कार्यक्रम 2023-24 का आयोजन मानस भवन में 16 दिसंबर को किया गया था। जिसमें सहभागिता करने वाले 11 विद्यालयों के 300 से अधिक छात्रों को प्रशस्ति पत्र तथा मेंटर्स को भी प्रशस्ति पत्र दिए जाने की योजना में की शुरुआत करते हुए मॉडल सोहागपुर से मैं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर छात्राओं को सम्मानित कर रहा हूं। इस कड़ी में सभी विद्यालयों में उपस्थित होकर के संबंधित छात्राओं को तथा शिक्षकों को प्रशस्तिपत्र का वितरण जनवरी माह में ही किया जाएगा। अंत में सभी विद्यार्थियों को धन्यवाद स्थापित करते हुए आगामी वर्ष के अनुगूँज कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के प्रचार डॉ. मोहन पाठक ने संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सहदेव सिंह मेरावी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## क्रिकेट मैच के फाइनल का विजेता बना ग्राम हड़हा



**नौरोजाबाद।** जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत ग्राम पंचायत पिनौरा द्वारा आयोजित सरपंच कप क्रिकेट मैच का भव्य समापन बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ, क्रिकेट मैच के समापन समारोह के मुख्य अथिति बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह के द्वारा माँ सरस्वती के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता के फाइनल मैच का शुभारंभ किया गया। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत पिनौरा द्वारा आयोजित सरपंच कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करीब एक हप्ते चल रहा था, इस क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैंच ग्राम पिनौरा एवं ग्राम हड़हा के बीच खेला गया, जिसमें ग्राम पिनौरा की क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए, निर्धारित 15 ओवरो में 153 रन बनाए, ग्राम पिनौरा की तरफ से अभिषेक तिवारी ने 49 गेंदो मे 100 रनो की नाबाद पारी खेली, जवाबी पारी खेलने उतरी ग्राम हड़हा की क्रिकेट टीम ने मात्र 14 ओवरो मे 6 विकेट खोकर जीत का लक्ष्य हासिल कर सरपंच कप क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता बनी।

## नव विवाहिता फांसी पर झूली

**शहडोल।** अज्ञात कारणों से 25 वर्षीय नव विवाहिता ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, घटना की जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। जिले के ब्योहारी थाना क्षेत्र के पोड़ी कला निवासी दीपा कोल पति रमेश उम्र 25 वर्ष ने अज्ञात कारणों से घर में ही फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस के अनुसार घर में नव विवाहित अकेली थी, तभी उसने घर में फांसी लगा ली और आत्महत्या कर ली। जब घर के लोग वापस घर पहुंचे तो देखा कि दीपा कहीं दिखाई नहीं दे रही है ।

# साहब... आखिर सामाजिक अपराध को कौन दे रहा बढ़ावा

## खुलेआम संभागीय मुख्यालय में चल रहा ओपन-क्लोज का अवैध कारोबार

पुलिस मुख्यालय से स्पष्ट आदेश है कि क्षेत्र अंतर्गत शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जितने भी माफिया हैं, सभी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जाये, जोन अंतर्गत तीनों पुलिस अधीक्षक को एडीजीपी डी.सी.सागर ने निर्देशित किया था कि तीनों जिलों में जहां भी जुआं का फड़ संचालित हो रहा है, उसे तत्काल बंद कराने की कार्यवाही की जाए,



**शहडोल।**

इसके अलावा यदि कहीं सट्टा पर्ची कट रही हो तो, वहां भी कार्यवाही की जाये, हालाकि वरिष्ठों के आदेशों का दम थाना क्षेत्र तक आते-आते फूलने लगता है, संभागीय मुख्यालय में ही खुलेआम सट्टे का कारोबार चल रहा है, बीते 6 माहों में जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया है, अगर उस सूची पर ही नजर डाल ले तो, लगातार एक व्यक्ति को सुबह उठाया जाता है, शाम होते-होते वह छूटकर बाहर फिर अपना काम करना शुरू कर देते हैं, माफियाओं पर नकेल कसने की जवाबदारी तो दी जाती है, लेकिन जिस बीट प्रभारी के क्षेत्र में ऐसे अवैध कारोबार संचालित होते हैं, उन पर किसी की नजर आखिर क्यों नही पड़ती।

### साहब की मंशा पर पानी

सामाजिक अपराध पर अंकुश लगाने का दम भरने वाली पुलिस इन दिनों संभागीय मुख्यालय में सटोरियों को अभयदान दे रखी है, इसके एवज में सट्टा कारोबारी द्वारा पुलिस महकमे की खातिरदारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। तभी तो कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंधी बाजार लेकर बुढ़ार चौक तक लम्बे समय से धोनी, आशू, अज्जू, गगन, मंजा नामक सरगना के द्वारा नगर के मुख्य जगहों पर गुर्गो के माध्यम से सट्टे की पर्ची हाईटेक रूप से कटवाया जा रहा है, ऐसा नहीं की इन सरगनाओं के द्वारा कोई नया काम प्रारंभ किया गया हो, लेकिन सब जायज की तर्ज पर धड़ल्ले से अवैध कारोबार को संचालित किया जा रहा है। यहाँ गौर करने वाली बात यह है कि जब संवेदनशील एडीजीपी एवं पुलिस अधीक्षक जहाँ एक ओर पुलिस की छवि बरकरार रखने के लिए माफियाओं सहित सट्टा, जुआं जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने की बातें कर रहे हो, लेकिन संभागीय मुख्यालय में ही उनके अधीनस्थ कर्मी साहब की मंशा पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं।

### बुढ़ार चौक पर चलता धोनी का सिक्का

संभागीय मुख्यालय के बुढ़ार चौक पर धोनी का सट्टे के कारोबार में सिक्का चलता है, धोनी खुद व गुर्गो के माध्यम से शहर में 1 के बदले 80 का लालच देकर बेरोजगार युवाओं सहित मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले गरीब तपको को लुट रहा है, ऐसा नही की धोनी द्वारा कोई नया कारोबार प्रारंभ किया हो, लेकिन चंद सिक्को के आगे पुलिस भी उक्त सटोरिये के आगे बौनी साबित हो रही है और आज उक्त सटोरिया ने इस अवैध कारोबार से संपत्ति बना डाली है, जिसकी जांच अगर किसी सूक्ष्म एजेंसी से कराई जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

### नशे की तरफ बढ़ाए कदम

पुलिस रिकॉर्ड की बात करे तो यहाँ धोनी को सट्टे के कारोबार के लिए कई बार पुलिस ने इसे सट्टे का कारोबार करते हुए पकड़ा है, चर्चा है कि वर्तमान में उक्त सट्टोरिए ने सट्टे के कारोबार को हाईटेक करते हुए गुर्गो के माध्यम से गरीबों को लूटने का बीड़ा उठा रखा है, चर्चा है कि खुद सूखे के नशे के कारोबार में कूद चुका है, कथित सटोरिए की पुलिस से मिलीभगत की चर्चा किसी से छुपी नहीं है, पूर्व में कोतवाली तक पहुंचने के चलते उसे अब वर्दी का भय नहीं रह गया है, अब उसने युवाओं को नशे का आदी बनाने की ओर भी कदम बढ़ा लिया है। सूत्रो की माने तो प्रतिदिन अवैध व्यवसाय से हजारों का वारा-न्यारा किया जा रहा है।

### नजर अंदाज कर रहा अमला

कोतवाली क्षेत्र में फल-फूल रहे सट्टा कारोबार में यहां पदस्थ अमला बाखूबी वाकिफ है, यहां तक कि आशू, अज्जू, गगन और मंजा के हर एक ठीहे को थाना का अमला जानता है, इसके बाद भी इन्हे नजर अंदाज कर कारोबारी को आश्रय देने का काम किया जा रहा है। पुलिस द्वारा सट्टा कारोबारी को इतना सह किन कारणो से दिया जा रहा है, यह उनसे बेहतर कोई नहीं बता सकता। जिससे उक्त सटोरिए भी डंके की चोट पर अवैध कारोबार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। चर्चा है कि मंजा नामक सट्टेरिए द्वारा सट्टे के साथ शराब का अवैध कारोबार किया जाता है, लेकिन पुलिस को छोडक़र सबको मालूम है।

### ओपन-क्लोज का कारोबार

नगर में जिस तरह सटोरियों ने कारोबार फैला रखा है व पुलिस को मुंह छिड़ा रहा है, यहां तक कि सटोरियों ने अपना-अपना क्षेत्र बांध रखा है, बस फरक इतना है कि सट्टा बाजार का बोर्ड नहीं लगा है। पूरे नगर के मुख्य तिराहो पर उक्त सटोरिया द्वारा खुलकर ओपन क्लोज का कारोबार कर किया जा रहा है, इन सट्टो की दुकानो के सामने से पुलिस निकलती जरूर है, लेकिन हाथ हिलाते निकल जाती है और ये कारोबारी दिन-प्रतिदिन गरीब तबके को लूटने में लगी हुई है।

# भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के लिये निकली अक्षत कलश यात्रा



**जयसिंहनगर।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे विधि विधान के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे, जिसे लेकर ट्रस्ट की ओर से दिन-रात काम किया जा रहा है। भगवान राम की मूर्ति से लेकर तमाम तैयारियां अपने आखिरी चरण में हैं, वहीं राम मंदिर के भूतल का निर्माण कार्य भी लगभग पूरा हो गया है, जिसके उपरांत लगभग सम्पूर्ण भारत के गांव-गांव में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव स्थानीय स्तर पर पूरे धूमधाम से मनाया जाए, इस हेतु विभिन्न संगठनों के माध्यम से कलश यात्रा निकाली जा रही है, जिसमें लोगों को स्थानीय स्तर पर आमंत्रित किया जायेगा और 22 जनवरी को एक साथ लाईव प्रसारण के माध्यम से प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के रूप में मनाया जा सके, ऐसी योजना तैयार की जा रही है। अयोध्या में होने जा रहे दिव्य अनुष्ठान के उपलक्ष्य में 07 जनवरी को खंड जयसिंहनगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड संघ चालक राजेंद्र शर्मा की उपस्थिति में नगर वासियों ने पूर्ण मनोयोग से सम्मिलित होकर भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को महोत्सव के रूप में मनाने का अक्षत वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड संघचालक राजेंद्र शर्मा, खंड कार्यवाह अनिल केसरवानी, सह खंड कार्यवाह शिवकुमार तिवारी, खंड शारीरिक प्रमुख देवेंद्र गुप्ता, खंड व्यवस्था प्रमुख रमाकांत गुप्ता, सह खंड कार्यवाह अनुराज मिश्रा, ग्राम विकास प्रमुख लोकेश मिश्रा, राजेश द्विवेदी, जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी आरती गुप्ता सहित विद्या भारती, भारतीय जनता पार्टी, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, स्थानीय व्यापारी संघ एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वर्षो से एक ही स्थान पर जमे सहायक आबकारी अधिकारी

## सत्ताधारी दल के करीब होने के लग रहे आरोप

**उमरिया।**

एक ओर बीते विधानसभा चुनाव में तीन वर्षो से एक ही स्थान पर पदस्थ रहे कर्मचारियों का तबादले हुए, लेकिन आबकारी विभाग संभवतः इससे अछूता रहा, 2019 से पदस्थ सहायक आबकारी अधिकारी अंगद के पैर की तरह जमें हुए हैं, चुनाव आयोग के निर्देश के बावजूद तबादला न होना उनकी पैठ को दर्शाता है, खबर है कि सत्ताधारी दल के करीब होने के फायदा हर बार विभाग ने सहायक आबकारी को दिया, बीते दिनों एक बार फिर लोकसभा चुनाव के लिए 3 वर्षो से एक ही स्थान पर पदस्थ कर्मचारियों के तबादले के लिए सूची मांगी है, लेकिन अब लगने लगा है कि यह सब कागजी खानापूर्ति तक सीमित रह गया है।

### नीतियों का पालन नहीं

जिले में में कई ऐसे विभाग हैं, जहां लंबे समय से अधिकारी कर्मचारी जमे बैठे हैं। अधिकारी व कर्मचारियों के एक ही जगह जमा रहने के कारण विभागीय कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। हैरत वाली बात तो यह है कि कई आबकारी विभाग में पदस्थ सहायक आबकारी अधिकारी एस.के. सिंह का उमरिया जिले से मोह नहीं छूट रहा है, जबकि शासन के नियमानुसार किसी शासकीय अधिकारी कर्मचारी को तीन वर्षो से ज्यादा एक ही स्थान पर पदस्थ नहीं किया जा सकता, लेकिन ऐसा लगता है कि राज्य सरकार अपनी ही बनाई नीतियों का पालन नहीं करती।



### सत्ताधारी दल से मजबूत पकड़

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में अफसरों की पदस्थापना को लेकर गाइड लाइन जारी कर दी है, आयोग ने राज्यों के मुख्य सचिवों को 30 जून 2024 तक एक ही जिले में तीन साल की पदस्थापना पूरी करने वाले अफसरों को हटाने के निर्देश दिए है, आयोग ने पहली बार आबकारी विभाग को भी इसमें शामिल किया है। आबकारी विभाग में सब इंस्पेक्टर व उससे ऊपर के अफसर जिन्हें तीन साल का समय हो गया है या होने वाला है, उन्हें हटाने के लिए कहा गया है, लेकिन ऐसा लगता है कि एस.के. सिंह पर यह कायदे लागू नहीं होते, सत्ताधारी दल से मजबूत पकड़ होने चलते कहा जा रहा है कि निर्वाचन आयोग के निर्देश भी विफल हो जायेंगे।

### ऐसा रहा साहब का कार्यकाल

श्री सिंह की पदस्थापना 1990 में खंडवा में हुई जहां उन्होंने 9 साल बिताये, छिंदवाड़ा में 8 साल, जबलपुर में 5 साल, एक बार फिर छिंदवाड़ा में लगभग 6-7 साल रहे, इसके बाद मण्डला में 6-7 माह रहे, इसके बाद उमरिया में अगस्त 2019 को पहुंचे, लगभग 4 साल उमरिया जिले में अपनी सेवाएं दे चुके है, विपक्ष के नेताओं का आरोप है कि श्री सिंह भारतीय जनता पार्टी के लिए बीते चुनावों में ऑफ रिकार्ड काम किया है, लोकसभा चुनाव से पूर्व इनका तबादला अगर नहीं होता है तो, वह चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। मण्डला को छोड़ दिया जाये तो, श्री सिंह की राजनीतिक पकड़ का अंदाजा लगाया जा सकता है, वर्षो से एक ही जगह रहने की आदत बना चुके श्री सिंह का एक बार फिर उमरिया जिले की सहायक आबकारी अधिकारी की कुर्सी से मोह भंग नहीं हो रहा है।

# समाज को सशक्त करने शिक्षा को बनाये अस्त्र : मंत्री

### राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के आयोजन में उमड़ा जन सैलाब

**शहडोल।**



राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ व कलचुरी सहयोगी संगठन द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह एवं नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में हजारों की तादाद में समाज के सजातीय बंधु अपने समाज के समाजसेवी व मध्य प्रदेश शासन में मंत्री दिलीप जायसवाल अभिनंदन करने एकत्र हुए, कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ भगवान सहस्त्रबाहु की स्तुति वंदना एवं पूजा अर्चना के बाद की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलीप जायसवाल कुटीर एवं ग्रामोद्योग स्वतंत्र प्रभार मध्य प्रदेश शासन, अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम दास जायसवाल शहडोल, श्याम बाबू जायसवाल लोकतंत्र सेनानी, बाल्मिक जायसवाल अध्यक्ष इकाई शहडोल समेत अन्य कलचुरी सहयोगी संगठन के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन बाणगंगा स्थित सामुदायिक भवन में दोपहर 2 बजे से किया गया।

अभिनंदन स्वागत वंदन के कार्यक्रम में राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि व्यक्ति और समाज की प्रगती उन्नति का आधार शिक्षा है जिसको शिरोधार्य करके आगे बढ़ा जा सकता है, आयोजन समिति समाज के कई वर्गो से पधारे लोगों का अभिनंदन आभार प्रकट करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि वह सदैव समाज के साथ खड़े मिलेंगे, उन्होंने यह भी कहा कि अब वह केवल एक ही समाज के नहीं बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए समर्पित है, मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि आने वाले 22 जनवरी की तैयारी हम सबको बड़े हर्ष उल्लास के साथ करनी चाहिए। नगर के प्रथम नागरिक व नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल ने कहा कि समाज की उन्नति प्रगति के लिए हम प्रतिबद्ध हैं, समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करते हुए हम सबको आगे बढ़ाने की जरूरत है और जब हम पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ते रहेंगे तो एक न एक दिन मंत्री जैसे पद पर सुशोभित होंगे, श्री जायसवाल ने मध्य प्रदेश शासन को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि सरकार ने हमारे समाज के होनहार समाजसेवी और विधायक को मंत्री पद से नवाजा है।

हम सब के प्रेरणा के स्रोत भगवान सहस्त्रबाहु को अपने जीवन में अंगीकार करते हुए सफलता की ऊंचाइयों की सीधी नवी जा सकती है, खासतौर से युवा पीढ़ी का ध्यान आकर्षण करते हुए लोकतंत्र सेनानी समाजसेवी श्याम बाबू जायसवाल ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा यदि लगे तो निश्चित रूप से समाज की उन्नति प्रगति होने से कोई नहीं रोक सकता, मंत्री के संघर्षों से प्रेरणा लेने की बात भी कहते हुए श्याम बाबू जायसवाल ने कहा कि दिलीप जायसवाल ज़मीनी नेता के साथ नेतृत्व की कुशलता के बीच आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं जिससे समाज सर गर्व से ऊपर उठा है, वही राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ इकाई के अध्यक्ष बाल्मिक जायसवाल ने कहा कि राजनीतिक प्रशासनिक पत्रकारिता समेत खेल के क्षेत्र में भी युवा पीढ़ी ने बेहतर काम किया है मंत्री के स्वागत भाषण के दौरान वाल्मीकि जायसवाल ने कहा कि समाज को एक आगे बढ़ना होगा, युवा इकाई के जिला अध्यक्ष अजय जायसवाल ने शिक्षा के माध्यम से युवाओं को मजबूत सशक्त व नशा से दूर रहने का भी संदेश दिया।

स्वागत अभिनंदन के कार्यक्रम में राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के बैनर तले कई लोगों का सम्मान भी किया गया, जिसमें मुख्य रूप से रामावतार कबीरपंथी, अखलेश नामदेव, आरती साहू, रमेश कोल, वर्षा शिवहरे,श्रेयश जायसवाल, सखिया बाई जायसवला, राधा बाई जायसवाल को श्रीफल शाल देकर राज्य मंत्री, नगर पालिका अध्यक्ष समेत मंच ने सम्मानित किया गया। जमीनी, संघर्षशील, आमजन के मुद्दों को निष्पक्षता दृढ़ता के साथ शासन प्रशासन तक पहुंचाने एवं जनमानस की सेवा के लिए तत्पर रहने वाले युवा पत्रकार प्रकाश मोहन जायसवाल को बेहतरीन पत्रकारिता के लिए मंत्री दिलीप जायसवाल समेत मंच ने श्रीफल शॉल देकर सम्मान एवं अभिनंदन किया।

राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ इकाई शहडोल के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में दिलीप जायसवाल, राज्य मंत्री लघु एवं कुटीर ग्रामोद्योग मध्य प्रदेश शासन मुख्य अतिथि, श्याम बाबू जायसवाल स्वतंत्रता सेनानी, राकेश जयसवाल राष्ट्रीय महासचिव विशिष्ट अतिथि, घनश्याम जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका, वाल्मीकि जयसवाल जिला अध्यक्ष, श्रीमती अमित जायसवाल अध्यक्ष महिला इकाई, अजय जायसवाल अध्यक्ष युवा इकाई, मंच संचालन अखिलेश, प्रकाश, रोहणी प्रसाद, सुखदेव जायसवाल, मोतीलाल शिवहरे, अभिनव राय, संजय जायसवाल, थाना प्रभारी बुढार रमेश, स्वप्निल, अनिल, दिनेश, ओंकार, बृज किशोर ब सत्यम, राजकुमार, पंकज, गोकुल, संदीप, ध्रुव, बद्री, नरेंद्र, रवि, नरेंद्र, सतीश, आशीष, अर्जुन, भीम, सुनील, संजय, सुशांत, प्रेम, आकाश, अनूप, प्रभात, राजेश, अर्चना, श्वेता, मीनाक्षी, सुधा, राधा, रोशनी, आराधना, रागनी समेत हजारों की तादाद में समाज के कई वर्गो के लोग एकत्रित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अखिलेश नामदेव एवं प्रकाश मोहन जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया।

## मासूम बालक के हत्या का हुआ खुलासा

# जादू टोना के शक पर की गई थी हत्या

**उमरिया।** जिले के इंदवार थाना में 02 जनवरी को मृतक बालक के दादा दिलभरण सिंह निवासी ग्राम मझौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेरा नाती प्रकाश सिंह गोड़ का शव सामुदायिक भवन मझौली में पड़ा है, जिसे हम सब मिलकर घर ले आये हैं। सूचना पर थाना इंदवार में मर्ग पंजीबद्ध कर जांच की गई। प्रथमदृष्टया मृतक के गले एवं पेट पर चोट के निशान थे, 03 जनवरी को अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। मामला अत्यंत गंभीर प्रकृति का होने से अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी. सागर, उप पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण किया। साथ ही मृतक के परिजनों से मुलाकात की और सांत्वना देते हुए पूछताछ की। विवेचना अधिकारी को प्रकरण में वैज्ञानिक, फोरेंसिक और संवेदनशीलता से जांच करने के लिए निर्देश दिये गये। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा अंधीहत्या का खुलासा करने एवं अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी के लिये 30000 रूपये की उद्धघोषणा जारी की गई।



पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी इंदवार द्वारा जांच में की गई लापरवाही के कारण उन्हे तत्काल निलंबित कर जांच उप निरीक्षक मुकेश मर्सकोले को सौपी गई। प्रकरण के घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एवं डाग स्काड दल की भी मदद ली गई। विवेचना दौरान मृत बालक के गले में लगे साडी के टुकड़े को जप्त कर मृतक के पड़ोस के लोगों से तस्दीक की गई। बालक के परिजनों एवं गांव के लोगों से पूछताछ की गई। पूछताछ में दलबीर सिंह गोड पिता स्व. बाला सिंह गोंड से जमीनी रास्ते को लेकर पुराना विवाद होना पता चला, जब दलबीर सिंह गोड से पूछताछ की तो उसने अपराध स्वीकार किया और उसके घटना में प्रयोग किए गए साड़ी का टुकड़ा और टुकड़े की साड़ी को धारा 27 साक्ष्य अधिनियम के मेमोरेण्डम में जप्त कराया।

दलवीर ने बताया कि मृतक की दादी जादू टोना करती है जिससे मेरे 02 बेटे जन्म लेने के कुछ देर बाद मृत हो गये थे, कुछ समय पूर्व मेरे पिता की भी मृत्यु 02 दिन की बीमारी में हो गई थी, इस कारण से मुझे इस परिवार से बहुत रंजिश थी। 01 जनवरी को दोपहर करीब 12 बजे मृतक प्रकाश सिंह अपने भाई के साथ मेरे खेत से जा रहा था, जिनको मैंने अपने खेत से जाने से मना किया तो प्रकाश मुझे बुरा-भला कहकर वहां से भाग गया, फिर करीब शाम 04 बजे मुझे प्रकाश दुधरिया मंदिर के पास अकेले खेलते मिला, जिसे मैंने अपने पास बुलाया एवं उसे कुंडा नाला के पास ले जाकर मारपीट किया, मृतक को कुंडा नाला के फर्श पर पटक दिया। बच्चे के चिल्लाने पर पास में रखे साडी के टुकड़े से उसका गला घोट कर हत्या कर दी एवं उसकी लाश को तालाब की झाडियों में छुपा दिया।

**खबर संक्षेप**

## विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने लगाये गये स्टाल

**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान रक्सा, झाल, भोलगढ, परासी अमिलिया विभिन्न विभागों द्वारा अपनी विभाग से संबंधित योजनाओं के स्टॉल लगाए गए थे। इस दौरान कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, पशु पालन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, मत्स्य विभाग, जिला सहकारी केंद्रीय, बैंक, जन जातीय कार्य विभाग आदि विभाग द्वारा स्टाल लगाए गए एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी एवं योजनाओं का लाभ उठाने की बात भी अधिकारी द्वारा कही गई । इस दौरान हितलाभों का वितरण भी किया गया ।

## छात्रावासों एवं आश्रमों का करें सघन निरीक्षण : कलेक्टर

**उमरिया।** समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने जिले के समस्त एसडीएम को निर्देश दिए है कि छात्रावासों एवं आश्रमों का सघन निरीक्षण करें तथा इस बात का परीक्षण करें कि यहां रहने वाले विद्यार्थियों को शासन व्दारा दी जाने वाली समस्त सुविधाओ, भोजन, नास्ता, बिस्तर, गणवेश, पाठ्य पुस्तक तथा हास्टलो के फर्नीचर आदि की सुविधाएं मिल रही है या नही। उन्होंने विभिन्न निर्माण विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन निर्माण विभागों व्दारा निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए गए है। उन कार्यो का लोकार्पण जनप्रतिनिधियों के माध्यम से तत्परता से कराएं। इसी तरह जो भवन जर्जर है तथा उपयोग लायक नही है, उन जीर्ण-शीर्ण भवनों को गिराने का प्रस्ताव भेजे, जिससे जिला स्तरीय समिति के माध्यम से अनुमति जारी की जा सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ़ अमित सिंह, एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी, एसडीएम पाली टी. आर. नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले, सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे । सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणो की समीक्षा करते हुए संबधित अधिकारियो को निर्देश दिए कि वे सभी शिकायतों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक कराएं। कोई भी शिकायत अन अटेण्डेंट नही रहें।

### जिम्मेदारों के साथ मिलकर अफसरों ने योजना को लगाया पलीता

# नदी पुनर्जीवन के नाम पर करोड़ों रूपये स्वाहा



नदी पुनर्जीवन योजना अंतर्गत हुए निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुके है, जिससे देखने वाला कोई नही है, लाखों रूपये की लागत से निर्माण कार्य करने की पीछे सरकार का उद्देश्य था कि लोगों को स्वच्छ पानी मिले, ग्रामीणों को रोजगार मिल सके, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ, जिन योजनाओं के माध्यम से राशि जिला एवं जनपद स्तर पर भेजी जा रही है, उसका खुला दुरूपयोग करते हुए अघोषित ठेकेदारों से काम करवाया गया है।

**उमरिया।** आधुनिकता की दौड़ में जब योजनाओं को कुछ ज्यादा व्यवस्थित होना चाहिए था, उसे जिले में राम भरोसे छोड़ दिया गया है, नदी पुनर्जीवन के नाम पर करोड़ों रूपये स्वाहा होने के बावजूद वांछित नतीजे नहीं मिल रहे हैं, अफसरशाही और भ्रष्टाचार ने नदी का दम ही घोट दिया है, अदालतों और राष्ट्रीय हरित अधिकरण में नदी के पुनर्जीवन की लड़ाई चल रही है, लेकिन जिले में करोड़ों रूपये खर्च होने के बावजूद भू-जल स्तर नीचे जा रहा है, आज नदी अपने वजूद के लिए तरस रही है, हालत यह है कि गर्मी के दिनों में नलकूपों की सांसे भी फूलने लगती है, नदी को पुनर्जीवित करने की बजाए, जिम्मेदारों ने इसे भ्रष्टाचार की जरिया बनाया और जमकर योजना में बंदर-बांट की, हालाकि यह कोई पहली योजना नहीं है, जिसने जिले में दम तोड़ दिया हो, शासन की सबसे महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना भी अंतिम सांस ले रही है।

### फर्जी बिलों का हुआ उपयोग

सरकार की मंशा थी कि ऐसी नदियां जो वर्षाकाल के बाद सूख जाती हैं और इस पर आधारित आजीविका और पारिस्थितिक तंत्र प्रभावित होता है, उन नदियों को सदानीरा बनाया जाएगा। नदी पुनर्जीवन योजना के तहत नदी में बारह माह पानी का सतत प्रवाह बनाए रखने जिले की लमरी नदी का भी चयन हुआ था, लेकिन लाखों खर्च होने के बावजूद लमरी नदी अपनी अस्तित्व की तलाश में है, नदी पुर्नजीवन के तहत लघु तालाब, टैंक, कंट्रूल टैंक, रपटा, स्टॉप डैम लाखों की राशि खर्च कर बनाये गये हैं, लेकिन स्टीमेट के अनुसार कहीं भी कार्य नहीं हुआ है। नदी पुर्नजीवन के नाम पर मनरेगा अधिकारी, एसडीओ तथा करकेली जनपद के अन्य सब इंजीनियर योजना के लिए

### नरवार-29 पंचायत में लमरी नदी तलाश रही खुद का अस्तित्व





ग्रहण बन गये, आज लमरी नदी की हालत धरातल पर जाकर देखा जाये तो, वह स्वयं अपने अस्तित्व की तलाश करती देखी जा सकती है। फर्जी बिल बाउचर बनाकर शासन द्वारा भेजी गई राशि में जमकर जिम्मेदारों ने सेंध लगाई है।

### नजर नहीं आई कमी

करकेली जनपद की नरवार-29 पंचायत में योजनाओं के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार हुआ है, लेकिन जनपद से लेकर जिले में बैठे जिम्मेदारों ने कभी सुध नहीं ली, पंचायत में जो जल संरक्षण के कार्य कराये गये हैं, जैसे कि बड़े तालाब जिनमें अपस्ट्रीम एवं डाउन स्ट्रीम के स्लोप का ध्यान नहीं रखा गया है, इसी तरह लघु व बड़े तालाब का काम मशीनों व ठेके से कराया गया है। स्टॉप डैम व रपटा का स्थल चयन उपयुक्त स्थान पर नहीं है। मनमर्जी से लघु तालाब, बड़े तालाब, स्टॉप डैम, रपटा निर्माण कराया गया है, जिसमें एसडीओ व उपयंत्रियों ने खुद ठेकेदारी कर काम कराने की चर्चा अपने उफान पर है, मजे की बात तो यह है कि लगभग निर्माण कार्यो में स्टीमेट से हटकर काम हुआ, लेकिन तकनीकि जिम्मेदारों को कोई खामी नजर नहीं आई।

### यह था योजना का उद्देश्य

नदी पुनर्जीवन कार्यक्रम के माध्यम से कैचमेन्ट एरिया में मृदा एवं जल संरक्षण की संरचनाएँ बनाकर सूख चुकी या सूखने की कगार पर पहुँच चुकी नदी के प्राकृतिक प्रवाह को पुनर्जीवित किये जाने का उद्देश्य रहा, प्रदेश के लगभग 45 जिलों में नदी पुनर्जीवन कार्यक्रम 2019 से क्रियान्वित किया जा रहा है। जो वर्ष 2023 तक चलेगा, जिले की लमरी नदी का चयन उक्त परियोजना के लिए किया गया था। नदी पुर्नजीवन कार्यक्रम में "रिज टू व्हैली के सिद्धांत पर विकास कार्य चयनित कर सम्पादित कराये जाने थे। अरबो रूपये के विकास कार्य जिनका उल्लेख विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन में अग्रिम में प्रावधानित कर भोपाल प्रेषित किया गया है। विकास कार्यो को पहाड़ी से घाटी तक श्रृंखला में सम्पादित किया जाना था, लेकिन यहां प्रतिवेदन को दरकिनार कर सीधे टू-वैली सिद्धांत के विपरीत सीधे कार्य कराया गया है, जो आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है।

### कायदों के अनुसार नहीं बने सरोवर

ग्राम पंचायत नरवार-29 में अमृत सरोवर की तालाब की हकीकत सामने है, नियमों के तहत अमृत सरोवर चारों ओर पैदल पथ ऊंची दीवार के साथ सीढ़ी युक्त रैप तालाब में पानी के प्रवेश द्वार, निकासी के लिए आउटलेट-इनलेट तालाब के चारों और तार के माध्यम से फेंसिंग लगाने और बैठने के लिए बेंच आदि का निर्माण कार्य किया जाना था, तालाब के चारो ओर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपना भी एजेड़े में है, लेकिन बीते वर्षो में हुए करकेली जनपद में एक भी अमृत सरोवर कायदों के अनुसार नहीं बनाये गये है। रसातल में जाते जल और भू-जल की उपलब्धता को बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार ने एक महत्वाकांक्षी योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।

# प्रधानमंत्री जन मन कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**उमरिया।** समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने प्रधानमंत्री जन मन कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सभी विभागों के प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे जिले के ऐसे ग्राम जहां विशेष पिछडी जन जाति वर्ग के लोग निवास करते है, को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु अपने लक्ष्य तय करें तथा घर-घर सर्वे कर योजनाओं का लाभ 15 जनवरी के पूर्व पहुंचाना सुनिष्चित करें । इसके लिए घर घर सर्वे अभियान तथा शिविर लगाकर विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित बैगा परिवारों को लाभ दिलाया जाना है। उन्होंने कहा कि सभी परिवारों के जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड बनाने, बैंकों के माध्यम से जन धन बैंक खाता खुलवाने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ दिलाने, आयुष्मान कार्ड बनानें, पात्रता पर्ची बनानें, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ दिलाने, वन धन केंन्द्रों की स्थापना, आहार अनुदान योजना, मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृध्दि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का लाभ दिया जाना है। इसके साथ ही क्षय उन्मूलन कार्यक्रम तथा सिकल सेल कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है। कार्यक्रम का क्रियान्वयन प्रभावी तरीके से किया जाए तथा दैनिक प्रगति की रिपोर्ट गूगल सीट के माध्यम से सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को अनिवार्य रूप से दी जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ़ अमित सिंह, एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी, एसडीएम पाली टी. आर. नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे ।


# ग्राम धुपखड़ा में राजस्व शिविर के माध्यम से राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया

**उमरिया।** पाली जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम धुपखड़ा मे राजस्व मामले के लिए एक दिवसीय राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी पाली टी. आर. नाग, तहसीलदार दिलीप सोनी, राजस्व निरीक्षक, पटवारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामवासियों की उपस्थिति में बी-1 का वाचन किया गया। बड़े खातेदारो को छोटा खाते करने एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए खातो का विभाजन करने के लिए समझाइश दी गई। शिविर में भूमि के सीमा विवाद की स्थिति में तर्मीम एवं सीमांकन कराने, गरीबी रेखा के नीचे पात्र लोगों का बीपीएल में नाम जोड़ने के लिए आवेदन लिए गए । शिविर मे 73 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 10 का निराकरण किया गया तथा 63 आवेदनों के निराकरण की समय सीमा तय करते हुए संबंधित राजस्व अमले को प्रकरणों का निराकरण करके हितग्राहियों को सूचित करने के निर्देष एसडीएम व्दारा दिए गए। फौती नामांतरण के लिए 14 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिसमें से 8 का निराकरण किया गया। बंटवारा के 13 प्रकरण प्राप्त हुए जिसमें 1 प्रकरण का निराकरण किया गया। सीमांकन के 9 प्रकरण प्राप्त हुए जिसमें 1 का निराकरण किया गया। तर्मीम का एक प्रकरण, बीपीएल मे नाम जोडने हेतु 13 आवेदन, रिकार्ड सुधार के 6 आवेदन, जाति प्रमाण पत्र के 11 आवेदन, पीएम किसान सम्मान निधि के 3 आवेदन तथा अन्य योजनाओ 3 आवेदन प्राप्त हुए।



### कोयलांचल में नगर सहित गांव में फैल रही जहरीली हवा

# बिना परमिशन के धड़ल्ले से चल रहा अवैध ईंट भट्टों का कारोबार



**कोतमा।** केवई नदी किनारे लहसुई सहित क्षेत्र के आसपास के इलाकों में बड़ी मात्र में छोटे-बड़े ईंटों का भट्ठा लगाया गया है। क्षेत्र में निजी निर्माण के अलावा शासकीय कार्यों के लिए इसका उपयोग हो रहा है,जिसके लिए अधिकतर ईट भट्ठा संचालक खनिज विभाग से किसी प्रकार की अनुमति नहीं लिए हैं। कोतमा क्षेत्र में इन दिनों अवैध ईट भट्ठों का संचालन जोर-शोर से चल रहा है। भट्ठा संचालकों द्वारा न तो खनिज नीति का पालन किया जा रहा है और न ही स्थानीय निवासियों की स्वास्थ्य की कोई चिंता। बाहर से मजदूर बुलाकर गुणवत्ताहीन ईंट से मोटी रकम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कमा रहे हैं। कोयलांचल क्षेत्र की जीवनदायिनी केवई नदी किनारे लहसुई सहित आसपास के इलाकों में बड़ी मात्र में छोटे-बड़े सैकड़ों ईंटों का भट्ठा लगाया गया है। क्षेत्र में निजी निर्माण के अलावा शासकीय कार्यों के लिए इसका उपयोग हो रहा है,जिसके लिए खनिज विभाग से किसी प्रकार की अनुमति अधिकतर ईट भट्ठा संचालकों ने नहीं लिया है। नियमानुसार 25 हजार तक ईंट बनाने के लिए तहसीलदार व 50 हजार या इससे अधिक ईंट निर्माण के लिए खनिज विभाग के अनुमति लेना होता है,लेकिन नगर सहित आसपास ग्रामीण अंचलों मे कई ईट भट्ठे लगाए जा चुके हैं और लगाए भी जा रहे हैं,लेकिन स्थानीय प्रशासन इन अवैध भट्ठों पर अंकुश लगाने में सफल नहीं हो पा रहा है और न ही किसी प्रकार की कोई कार्यवाही कर रहे हैं। नगर के लहसुई गांव के समीप केवई नदी किनारे सैकड़ों ईंट की भट्टी दहक रही है।इसी तरह नगर के केशवाही रोड, मनेंद्रगढ़ रोड,गोंहड्रा, गोविंदा,वार्ड नंबर दस पुलिया के पास सहित आसपास के क्षेत्र सहित गांवों में नदी नालों के किनारे अवैध ईट भट्ठों का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। क्षेत्र में दूसरे राज्य से आए संचालकों द्वारा यहां धड़ल्ले से ईंट भट्ठों का कारोबार बड़े पैमाने पर चला रहे हैं।बिना किसी पैमाने के यह कारोबार नगर सहित ग्रामीणों की आड़ में ठेकेदार चलाते हैं,उनकी देखा देखी स्थानीय निवासी भी नियमों की अनदेखी कर निर्माण कर रहे है। यह सिलसिला नगर सहित क्षेत्र में हर वर्ष देखने को मिलता है। वहीं जवाबदार विभाग की ओर से कसावट नहीं होने के कारण ईट भट्ठों का कारोबार नियम विरुद्ध धड़ल्ले से जारी है।

मूलत ईंट को पकाने के लिए उच्च स्तरीय कोयले का इस्तेमाल किया जाता है,लेकिन राशि बचाने के चक्कर में यह अवैध निमार्ता ईट को चोरी के कोयले व लकड़ी प्लास्टिक व भूसी से पकाते हैं। इस वजह से इससे उठने वाला धुआं पर्यावरण सहित लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालता है।इस तरह से कई भट्ठे आबादी क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर बूरा असर पड़ रहा है। कई ईट भट्ठे रहवासी क्षेत्र के पास लगे होने से दिन भर धुंआ फैलता रहता है। जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

### बिना एनओसी संचालित भट्टे

नगर सहित क्षेत्र में संचालित ईंट भट्ठा संचालकों ने खनिज विभाग से एनओसी नहीं लिया है। साथ ही पर्यावरण विभाग से भी अनुमति नहीं ली गई है।बावजूद इसके जांच या कार्रवाई नहीं होने से संचालकों की मनमानी बढ़ती जा रही है। इधर भट्ठा संचालकों की वजह से रेलवे सहित कोल माइंस से कोयला चोरी भी बड़ी है।इस तरह अवैध भट्ठा संचालन से सरकार को रायल्टी का नुकसान पहुंचा कर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं और जवाबदार मूकदर्शक बने दफ्तरों के चारदीवारी में खानापूर्ति में व्यस्त हैं।

### भट्टे लगाने के नियम

अगर किसी व्यक्ति को ईंट भट्टे का व्यापार करना है तो उसे मिट्टी उत्खनन के लिए लीज की स्वीकृति लेने के लिए पर्यावरण विभाग की एनओसी,वन विभाग की एनओसी,ग्राम पंचायत की मंजूरी, तहसील की एनऔसी, निर्माण करने वाले लोगों का लायसेंस आदि तैयार कराना होता है।तब ही आप कही ईंट भट्टों का व्यापार कर सकते हैं लेकिन कोयलांचल क्षेत्र में सभी नियम धरातल पर लागू नहीं दिखते। चोरी के कोयले का धड़ल्ले से इस्तेमाल क्षेत्र के आसपास के कॉलरी सहित रेलवे से कोयला चोरी में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिल रही है। नगर के आम रास्तों से दोपहिया वाहनों से धड़ल्ले से कोयला की चोरी कर उसे ईट भट्ठा में खापाया जा रहा है। गोविंदा लहसुई होकर प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में मोटरसाइकिल से चोरी का कोयला बेखौफ होकर धड़ल्ले से पहुंचा रहे हैं।

# नगर पालिका उड़ा रही कलेक्टर के आदेशों की धज्जियां

### रैन बसेरा होने के बावजूद मुसाफिरों को नहीं दे पा रहे सुविधा

**कोतमा।** अनूपपुर जिले में सर्दियों के मौसम को देखते हुए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्र को रेन बसीर की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए थे लेकिन कोर्ट नगरपालिका प्रशासन के द्वारा आज तक रैन बसेरा की व्यवस्था नहीं की गई है। कुछ नहीं तो रिकॉर्ड में ट्रेन बसेरा संचालित कर दिए गए हैं।




ऐसे में गरीब मुसाफिर वर्ग के लोगों को सर्दियों के इस मौसम में या तो बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन में रात गुजारने की मजबूरी या फिर जहां व्यवस्था बने वहां अपनी व्यवस्था बनाने की विवशता बनी हुई है। जनवरी महीना शुरू हो चुका है। ठंड भी असर दिखा रही है, लेकिन नगर में रैन बसेरे के दरवाजे अभी तक नहीं खुले हैं। अलाव की व्यवस्था सही तरीके से नहीं शुरू की गई है मुंह देखकर अलाव जलवाया जा रहा है। पिछले कई दिन से भले ही सर्दी असर दिखाने लगी हो, लेकिन नगर पालिका प्रशासन अभी नींद में है। नगर में खुलने वाला रैन बसेरे पर अभी ताला लटका है। आखिर यह कब खुलेगा, यह भी हाल लेने वाला दूर तक दिखाई नहीं दे रहा है। वर्ष 2015 -16 में नगर पालिका के द्वारा बस स्टैंड के पास लगभग 15 लाख की लागत से रैन बसेरा का निर्माण करवाया गया था और उसमें बता दे पलंग एवं गद्दो की व्यवस्था भी की गई थी। यह सोच कर कि कड़ाके की ठंड में गरीब बेसहारों के लिए रैन बसेरा सहारा बनेगी लेकिन वर्तमान में जब जनवरी का महीना शुरू हो चुका है लेकिन अभी तक रैन बसेरा का ताला नहीं खुला है जिसके कारण बेसहारा गरीब यात्री प्रतीक्षालय एंव दीनदयाल काम्प्लेक्स में कड़ाके की ठंड में रात बिताने को मजबूर हैं। यात्री प्रतीक्षालय में रात्रि में निचले तबके के शराबी रात्रि में बसेरा करते हैं जिसके कारण यात्री प्रतीक्षालय में गंदगी बनी रहती है सुबह जो लोग यात्री प्रतीक्षालय में बैठकर बसों का इंतजार करते हैं उन्हें यात्री प्रतीक्षालय के अंदर गंदगी एवं दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जानकारी के अभाव में पालिका के रैन बसेरे में नहीं पहुंच रहे लोग नगर पालिका की तरफ से बस स्टैंड के पास में रैन बसेरा भले ही बनवाया गया है लेकिन जानकारी के अभाव में लोग दुकानों के आगे ही रात काटने पर मजबूर हैं। बस स्टैंड व स्टेशन के समीप नहीं लगाए गए बोर्ड नगरीय निकाय क्षेत्र में बढ़ती ठंड को देखते हुए रैन बसेरे की व्यवस्था किए जाने के निर्देश जारी होने के बावजूद नगर पालिका के द्वारा नगरीय निकाय में बस स्टैंड तथा रेलवे स्टेशन के समीप रैन बसेरे का संचालन किस स्थान पर किया जा रहा है यहां किसी कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है साथ ही रैन बसेरा के लिए संबंधित कर्मचारीयो की ड्यूटी लगाई गई है साथ ही रेन बसेरा के लिए संबंधित कर्मचारियों का मोबाइल नंबर दर्ज करते हुए सूचना बोर्ड चश्मा किया जाना चाहिए लेकिन नगर पालिका के द्वारा ऐसा नहीं किया गया है।

### स्टेशन व खुली जगह में रात गुजारने को मजबूर मुसाफिर

नगर पालिका के द्वारा बनाए गए रैन बसेरा के संबंध में जानकारी न होने के कारण मुसाफिर एवं मजदूर वर्ग के साथ ही भिंक्षा मांग कर जीवन यापन करने वाले लोग सर्दी के इस मौसम में बस स्टैंड रेलवे स्टेशन एवं अन्य खुली जगह पर सोने के लिए मजबूर है। प्रशासन के आदेश को नगरीय निकाय क्षेत्र में गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। बोर्ड तक नहीं लगाया जिससे आम राहगीर को इसकी जानकारी मिल सके। हरिभूमि की टीम शनिवार को शाम 6:45 बजे एवं रात्रि 9 बजे जब बस स्टैंड के पास रैन बसेरा का निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था किसी कर्मचारी का पता ही नहीं था। इसी तरह रविवार की सुबह 7 बजे एवं दोपहर 1 बजे भी रैन बसेरे का ताला नहीं खुला था इससे यह साफ जाहिर होता है कि नगर पालिका प्रशासन रैन बसेरा के प्रति कितनी गंभीर है।

### इनका कहना है

जिस कर्मचारी की ड्यूटी रैन बसेरा में लगाई गई थी उसे कम से हटा दिया गया है जल्दी दूसरे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर रैन बसेरा को व्यवस्थित करवा दिया जाएगा।

**प्रदीप झारिया, सीएमओ नगर पालिका**

# पंचों और उपसरपंचों का मानदेय कम से कम 3 हजार प्रतिमाह होना चाहिए- तिवारी

**उप सरपंच संघ की कार्यकारिणी बैठक बुढार जनपद सभागार में संपन्न**

**सर्वसम्मति बुढार ब्लाक कार्यकारिणी का हुआ गठन**

ग्राम पंचायत में उप सरपंचों की उपेक्षाएं होती हैं जिस पर बड़ी ही सक्रियता के साथ उप सरपंच संघ कार्य कर रहा है और जिले के सभी ग्राम पंचायत के उप सरपंचों के मन और सम्मान की लड़ाई लड़ रहा है वही जनपद वार ग्राम पंचायत के उपसरपंचों की एक कार्यकारिणी भी बनाई जा रही है





बुढ़ार।

जिस तारतम्य में बुढार जनपद कार्यालय के सभागार में बुढार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत के उपसरपंचों की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया जिसके बाद मंचासीन जिला पदाधिकारी का बुढार जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत के उपसरपंचों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया वही बुढार जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत के उपसरपंचों की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें बुढार ब्लॉक अध्यक्ष उप सरपंच संघ राजेश शुक्ला को बनाया गया तथा दीपक त्रिपाठी लल्लू लाल मेहरा को उपाध्यक्ष बनाया गया साथ ही 20 सदस्य टीम का गठन सर्वसम्मति से किया गया वही सोहागपुर जयसिंहनगर गोहपारू से आए उप सरपंच संघ के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने बधाइयां भी दी वही उपसरपंच संघ के जिला अध्यक्ष प्रभाकर तिवारी ने संघ के मुख्य उद्देश्यों को विस्तार से बताया ।

(1) सबसे पहले पंचायत की पोर्टल में उपसरपंचों का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज किया जाए ताकि ग्राम पंचायत के आय व्यय की जानकारी ग्राम पंचायत के उपसरपंचों हो सके।

(2) शासन के द्वारा जो भी ग्राम पंचायत के लिए नियम व निर्देश आते हैं जो व्हाट्सएप ग्रुप में ग्राम पंचायत के सरपंच ,सचिव के साथ ही उपसरपंचों को भी जोड़ा जाए जिससे कि वह ग्राम पंचायत के विकास में सहयोग प्रदान कर सकें।

(3) जिले के हर पंचायत में उपसरपंच की सील और हस्ताक्षर भी सरपंचों के सील हस्ताक्षर की तरह मान्य होने चाहिए।

(4) शिक्षा विभाग का पदेन सभापति उप सरपंच होता है तो विद्यालय के अकाउंट में प्रधानाध्यापक के साथ उपसरपंच का जॉइंट अकाउंट काउंट होना चाहिए।

(5) ग्राम पंचायत का कोई भी विकास कार्य ग्राम पंचायत के अनुमोदन के बाद होता है उसमें उपसरपंचों का भी हस्ताक्षर होना अनिवार्य कर दिया जाए ताकि ग्राम पंचायत के फंड का दुरुपयोग ना हो ।

(6) ग्राम पंचायत में पांचों और उपसरपंचों का मानदेय कम से कम 3000रु प्रतिमा होना चाहिए।

(7) ग्राम पंचायत के समस्त मदों में 50% ग्राम विकास पर कार्य करने की अनुमति ग्राम पंचायत के उपसरपंचों को दिया जाना चाहिए।

वही उप सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष प्रभाकर तिवारी ने जनपद पंचायत बुढार के सभागार में दूर-दूर से आए ग्राम पंचायत के उपसरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को हमें सशक्त करना है तो हम सभी को संगठित होना पड़ेगा क्योंकि जनता ने हमारे ऊपर जो भरोसा करके हमें जनप्रतिनिधि बनाया है तो उन सभी जनता का हमें भरोसा टूटने नहीं देना है हमने जो वादा अपनी जनता से किया है उसे हमें पूरा करना है हम अकेले कुछ नहीं कर सकते पर हम सब साथ मिलकर संगठन के माध्यम से सरकार से हमारी मांगे रख सकते हैं और सरकार से हमें सहयोग भी मिल सकता है हमको ग्राम पंचायत के सचिव सरपंचों के द्वारा शासन की योजनाओं आदेशों नियमों से दूर रखा जाता है जिससे हम अपनी जनता से किया वादा पूरा नहीं कर पाते हैं जिससे हमारी उपेक्षा हो रही है अपने सम्मान एवं जनता से किए गए वादों को पूरा करने के लिए मैं जिले के सभी उपसरपंचों का आवाहन करता हूं वहीं श्री तिवारी के आवाहन पर शहडोल जिले के पांचों ब्लॉक से बड़ी संख्या में उपसरपंच बुढार जनपद में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया जिस पर प्रभाकर तिवारी जिला अध्यक्ष उप सरपंच संघ ने सभी का आभार व्यक्त किया और नवनियुक्त बुढार जनपद के उपसरपंच संघ के पदाधिकारी को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### कार्यक्रम में रहे उपस्थित

मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रभाकर तिवारी विशिष्ट अतिथि उमाशंकर सिंह पूर्व सरपंच संरक्षक, जनपद पंचायत बुढार सीईओ मुद्रिका सिंह पटेल,अखिलेश कुमार शर्मा संरक्षक उप सरपंच संघ, राम मनोज मिश्रा सेवानिवृत्ति पीसीओ, संरक्षक राजेंद्र तिवारी बाबू महाराज पूर्व सरपंच, विक्की महाराज सिंदरी भारी उपसरपंच, सुरेंद्र साहू जिला उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह सपना चतुर्वेदी, संतोष चंद्रा, राजकुमार चौधरी, पिंटू पटेल, बुढार ब्लॉक अध्यक्ष राजेश शुक्ला, दीपक त्रिपाठी लल्लू लाल मेहरा उपाध्यक्ष,जयसिंहनगर ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश गौतम शिवाकांत गुप्ता उपाध्यक्ष राम प्रसाद प्यासी जनपद सदस्य संजय त्रिपाठी मंत्री, गोहपारू से महेंद्र सिंह मलमथर ,राजेश तिवारी खन्नौथी राजीव शर्मा (अनु) करूआ, नरेंद्र मिश्रा बंटी सेमरा, सुहागपुर ब्लॉक निलेश गौतम खमरिया, रामायण मिश्रा विचारपुर, कमलेश तिवारी हार्डी 77, दलवीर नायक खतौली, अमित मिश्रा धुरबार, जब्बार खान मेंकी, गया प्रसाद देवगांव ,शिवकुमार जायसवाल कोटमा वहीं बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत के उप सरपंच कार्यक्रम में रहे उपस्थित।

## सब नर करहिं परस्पर प्रीती। चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।।



बुढ़ार।

मानव समाज की सर्वोत्कृष्ट स्थिति तब होती है,जब समाज में रहने वाले लोगों में आपस में प्रेम होता है, द्वेषता नहीं होती है, एक दूसरे के सहयोग में रहते हैं, दया होती है, सहानुभूति होती है, अपनापन होता है और ये कोई बहुत बड़ा चमत्कार नहीं है, बल्कि ये वातावरण सहज व सरल उस समय पर हो जाता है,जब सभी,वेदों में बताई नीति को जानते हैं, अनुभव व आज्ञा का पालन करते हैं, नीति, मर्यादा,केवल पुस्तकों मात्र से नहीं, अपने माता-पिता, पूर्वजों, श्रेष्ठ पुरुषों के सानिध्य में रहने और सुनने से भी मिलती है, दैहिक, दैविक और भौतिक गुणों व दोषों का ज्ञान मिलता है, इनसे उत्पन्न सुखों व दुःखों के सन्तुलन बनाने की विधि, प्रायोगिक स्थिति में आ जाती है,ये ज्ञान जब होता है,तब उस समाज में कोई दुःखी नहीं रह जाता है,, क्योंकि आपसी प्रेम व सद्भाव, सहयोग के साथ रहता है,यही समाज की नीति या मर्यादा होती है, जिसका पालन हर कोई करता है,,,, वेदों,श्रुतियों, शास्त्रों की मर्यादा का उल्लंघन ही,मानव समाज के दुःखों का कारण बनता है,मानव समाज जब नीति व मर्यादा से दूर हो जाता है,या दूर करने की आसुरी शक्तियां, वृत्तियां प्रभावी होने लगती हैं,तब मानव समाज में, आपसी सद्भाव नहीं आपसी संघर्ष को जन्म देता है, फिर उस समय पर हर छोटी-बड़ी इकाईयां, समूह, अपने को श्रेष्ठता के भ्रम में पाती हैं,,, जिससे बचने के लिए आने वाली पीढ़ी को कठिन संघर्षों की यात्रा में निकलना पड़ता है, युगों तक की यात्रा हो जाती है,,, इसीलिए आध्यात्मिक ऊर्जा, संस्कारों की समृद्धता बहुत आवश्यक है।

## इंटरनेशनल होटल विलाशा में रंगारंग कार्यक्रम के मध्य बीते साल को दी विदाई और नये साल का किया आग़ाज़





बुढ़ार।

रविवार की रात्रि इंटरनेशनल होटल विलाशा में वर्ष 2023 के अंतिम दिवस 31 दिसंबर को पुराने वर्ष की विदाई व नए साल की खुशी मनाने युवा वर्ग तैयारियों में जुटे रहे इसके साथ ही नव वर्ष की खुशी मनाने सभी एक जगह एकत्रित होकर नाज गाकर पुराने वर्ष को विदा करते हुए नये साल का केक काटकर जश्न मनाकर किया आगाज़।

होटल विलाशा में ढोल नगाड़े के साथ युवराज बैंड ग्रुप के साथ एंकर बीनी गुप्ता,डीजे कुनंल एवं एम टीव्ही राइडर सेलिब्रिटी खतरों के खिलाड़ी साउंडस मौफाकिर की शानदार प्रस्तुति से डीजे की धुन में महिला पुरुष युवा थिरके साथ ही टीव्ही एंकर बीनी गुप्ता के द्वारा एक से बढ़कर एक गीतों को प्रस्तुति दी जिसकी धुन पर होटल में उपस्थित जनसमूह नए साल का जश्न धूम धड़ाके के साथ किया साथी विशेष स्वरुचि भोज की व्यवस्था भी की गई थी जिसका लुप्त लोगों ने उठाया। विलाशा होटल के डायरेक्टर राजेश चमाडिया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी वर्गों के लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी का आभार व्यक्त करते हुए आशा कि है कि आगे भी इसी तरह अपना सहयोग प्रदान करेंगे

### शांति पूर्ण रही व्यवस्था

कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन पुरी तरह से मुस्तैद रहा जिससे शांति व्यवस्था बनी रही और कोई विवाद या घटना घटित नहीं हुई कार्यक्रम में थाना प्रभारी संजय जयसवाल की टीम पूरे समय तक सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहीं। कार्यक्रम में भारी संख्या में राजनीतिक एवं नगर नागरिकों की उपस्थिति रही।

### शा. विधि महाविद्यालय में आयोजित हुआ हास्य नाटक का कार्यक्रम

रीवा । सोमवार को दोपहर शा. विधि महाविद्यालय रीवा में नाट्य संस्था अमरवाणी थिएटर के कलाकारों द्वारा ₹बहुत बड़ा सवाल₹ नाटक का मंचन किया गया। यह नाटक सुप्रसिद्ध नाटककार मोहन राकेश द्वारा लिखित है, जिसका निर्देशन मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षित युवा निर्देशक अमर द्विवेदी ने किया। सह निर्देशन भरतलाल तिवारी ने किया। प्रस्तुति व्यवस्था विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेन्द्र तिवारी द्वारा की गई। नाटक की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई। नाटक के दौरान महाविद्यालय के शिक्षकगण, सभी विद्यार्थी और अन्य कला प्रेमी उपस्थित रहे। मोहन राकेश द्वारा लिखित यह नाटक सामाजिक ढांचा और सरोकारों पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। कोई भी व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यों का निर्वहन ठीक से नहीं करता और ना ही किसी को अपनी मर्यादा की चिंता है।

## रानी तालाब में माता के दरबार में 12 जनवरी को आयोजित होगा विशाल भंडारा. उपमुख्यमंत्री रहेंगे उपस्थित

रीवा । जिले के नगर के प्रतिष्ठित धार्मिक संस्थान रानी तालाब रीवा में 12 जनवरी को विशाल भंडारा एवं देवी पूजा का आयोजन किया गया है 12 जनवरी को सुबह 10:00 बजे देवी पूजा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा की जाएगी पूजन एवं आरती एवं आरती के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें संस्कृत संस्कृत कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा आयोजन समिति द्वारा



कार्यक्रम स्थल का अवलोकन कर कार्यक्रम की तैयारी बैठक की गई भंडारे में रीवा विधानसभा के साथ जिले की बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित हो इसके लिए आमंत्रण वितरण सहित आम जनों की उपस्थिति हो इस पर चर्चा की गई आयोजन समिति के सदस्य महेंद्र शुक्ला विवेक दुबे कमलेश सचदेवा अनिल बुधनी प्रमोद व्यास दीनानाथ वर्मा राजगोपाल चारी घनश्याम ताम्रकार अतुल जैन मोहित टंडन दीनानाथ वर्मा नरेंद्र गुप्ता योगेंद्र शुक्ला धनंजय सोनी विनोद गुप्ता वंशी साहू संजीव चावला विभुसूरी ओपी श्रीवास्तवनीरज पटेल शाहिद समस्त सदस्यों ने रीवा नगर एवं जिले के सभी जनों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

## बिना परमिट उरमलिया बस जप्त और दूसरे दिन भी आल इंडिया बसों पर की गई कार्यवाही

रीवा। परिवहन विभाग द्वारा जिले में लगातार यात्री वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया जा रहा है आज की गई कार्यवाही में सीधी रीवा मार्ग पर बिना परमिट एक बस जप्त की गई। परिवहन सुरक्षा स्कवाड के द्वारा सीधी से रीवा वाया गड्डी मार्ग पर ऊर्मलिया ट्रेवल्स की बस सीधी की तरफ से रीवा आती हुई मिली जिसकी रोक कर जांच की गई जांच में बस में मौजूद स्टाफ के द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका जिसे जप्त कर बस को सुरक्षार्थ परिवहन कार्यालय रीवा में खड़ा कराया गया।कलेक्टर महोदय रीवा और मऊगंज के आदेशानुसार परिवहन विभाग द्वारा आर टी ओ रीवा के निर्देशन में लगातार मार्ग पर यात्री बसों के खिलाफ जांच अभियान जारी जिसमें आज भी ऑल इंडिया बसों पर नियम विरुद्ध चलते पाये जाने पर चालानी कार्रवाई की गई,जिसमें 79000 का राजस्व कार्रवाही से वसूल किया



## अमृत सरोवर में करोड़ों रुपए खर्च, पानी बूंद भर नहीं

रीवा। जनपद पंचायत नईगढ़ी द्वारा कुल 9 अमृत सरोवर में से 8 अमित सरोवरों को लगभग पूर्ण की स्थिति में बताया गया है। जनपद के इंजीनियरों एवं अन्य जिम्मेदारों की माने तो 5 से 10 फिसदी कार्य शेष है। यदि विभाग की जिम्मेदारों की बातों को मान लिया जाए तो अमृत सरोवर लगभग पूर्ण रुपेण तैयार है। लेकिन इन आठ अमृत सरोवरों की जमीनी स्थिति देखी जाए तो आज भी जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में ही आठ में से एक भी अमृत सरोवर में पानी देखने के लिए नहीं मिलेगा। सबसे बड़ा सवाल यह उठना है कि इतने बड़े प्रोजेक्ट में इतनी बड़ी राशि खर्च की गई लेकिन पहले ही बर्ष यदि इन सरोवरों में पानी नहीं रुक पाया। इन अमृतसरों में पानी न रुकने का कारण क्या है। कुछ ऐसे सवाल है जिसका उत्तर प्रोजेक्ट के इंजीनियर ही बता सकते हैं। सामान्य रूप से देखा जाए तो एक किसान यदि अपने खेत में छोटा सा बांध बना देता है। या छोटे से तालाब का निर्माण करता है तो उसमें जनवरी माह तक ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष पानी मिल जाता है। लेकिन यहां के हालात कुछ और है जिस अमृत सरोवर के निर्माण में शासन के लाखों रुपए खर्च हो गए यहां तक की विभाग की जानकारी के अनुसार कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुके हैं। फिर भी इन सरोवरों में पानी का ना होना निर्माण कार्य करने वाली एजेंसियों एवं निर्माण कार्यों की परख करने वाले जिम्मेदारों के कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगाते है। हकीकत क्या है यह तो जांच उपरांत पता चलेगा लेकिन जो जमीनी हालात बोलते हैं उसे साफ जाहिर होता है की जिम्मेदार हमले द्वारा शासन के इतने बड़े प्रोजेक्ट पर कहीं ना कहीं लापरवाही बरती जा रही है। जिसके कारण सिंचाई के साथ क्षेत्र के जलस्तर को बढ़ावा देने की बेहतर स्थिति इन अमृतसरों में परिंदों तक के लिए पानी नसीब नहीं है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

जनपद क्षेत्र के शिवराजपुर, भीर, कोट, जोधपुर सहित आठ अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण है। इन अमृत सरोवरों में मात्र 10 फिसदी निर्माण कार्य शेष है। जो अति शीघ्र पूर्ण हो जाएगा ग्राम पंचायत दूबी के अमृत सरोवर का निर्माण कार्य कुछ अवरोध के कारण समय पर नहीं हो सका, जल्द ही प्रारंभ हो जाएगा। जिन अमृतसरों का कार्य 90 फीसद पूर्ण हो चुका है। उन सरोवर में बरसात के सीजन में पानी थाप वर्तमान में नहीं है। निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद अगली बारिश बाद यह निश्चित हो पाएगा कि इन अमृतसरों में पानी का भराव कितना होगा।

**अनीश पांडे एपीओ जनपद पंचायत**

## 8 कार्य अधूरे तो एक अमृत सरोवर निर्माण की अभी भी नहीं पड़ी बुनियाद

मऊगंज। जिले के नईगढ़ी में निर्माणाधीन कई योजनाओं के कार्य जो समय पर पूर्ण हो जाने चाहिए थे। आज तक पूरे नहीं हो पाए केंद्र सरकार की अमृत सरोवर योजना भी उसका एक उदाहरण है। जिसकी प्रगति आज तक कछुआ गति से दिखाई दे रही है। पंचायत चुनावों के बाद इस योजना को पूरा करने के लिए कुछ प्रयास भी हुए इसके बाद भी सभी कार्य अभी भी पूर्ण नहीं हो पाए इससे समझा जा सकता है। कि यहां का ग्रामीण विकास विभाग न कार्यों की पूर्णता व गुणवत्ता को लेकर कभी भी गंभीर नहीं रहा। जिसका जीता जागता उदाहरण मऊगंज जिला क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत नईगढ़ी में प्रत्यक्ष नजर आता है। अमृत सरोवर तालाब निर्माण हेतु जनपद पंचायत नईगढ़ी को कुल 9 प्रोजेक्ट मिले थे।

## खबर संक्षेप

### पंचायत सचिव को हटाने के लिए उठने लगी मांग



धनपुरी। केंद्र और राज्य की सरकार कितनी भी कोशिस क्यों न कर ले पर उनको पूर्ण करने वाले ही कर्मचारी ही योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुँचने दे रहे हैं। मामला सोहागपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत करकटी का हैं। जिसमे लम्बे समय से एक ही जगह को पकड़ कर बैठे हुए हैं। ग्राम पंचायत सचिव खोजवा चर्मकार अपने कार्य से नहीं कारनामों से जाने जाते हैं। ग्रामीणों के काफी विरोध के बाद भी निरंतर एक ही जगह पर बने हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज के तारीख में भी लोगों के आवास अधूरे शौचालय पेंशन से लेकर बहुत सारी परिस्थितियों के साथ ग्रामीण गुजर रहे हैं। जिसको लेकर कई बार शिकायत भी हुए हैं। पर कुछ नहीं हो सका । अब नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री डॉक्टर मोहन यादव जी से ग्रामीणों मांग की है कि सचिव की जांच कर कठोर कार्यवाही करते हुए उन्हें इस ग्राम पंचायत से हटा दिए जाय ।

### सेन्ट्रल एकेडमी में एडीजीपी करेंगे जनसुनवाई एवं कैरियर काउंसलिंग



ब्यौहारी। सेन्ट्रल एकेडमी इंटरनेशनल पैरेंट्स प्राइड स्कू ल देवलोंद में शहडोल जोन के एडीजीपी डी सी सागर मंगलवार 09 जनवरी को जन सुनवाई एवं कैरियर काउंसलिंग करेंगे। तदाशय की जानकारी देते हुए सेन्ट्रल एकेडमी इंटरनेशनल पैरेंट्स प्राइड स्कूल के प्रबंध संचालक श्री रवि मिश्रा ने बताया कि एडीजीपी डी सी सागर मंगलवार को विद्यालय के वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण करके छात्रों का उत्साह वर्धन करेने के बाद जन सुनवाई भी करेंगे। आपने बताया कि इस अवसर पर एडीजीपी कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्रों के सवालों के जवाब देंगे। कैरियर काउंसलिंग को लेकर छात्र, छात्राओं में भारी उत्साह है। भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं पर एडीजीपी डी सी सागर का परामर्श अत्यंत उपयोगी होगा। ब्यौहारी में अपनी तरह का यह पहला आयोजन है, जिसमें एक वरिष्ठ आइपीएस न केवल जन सुनवाई करेंगे अपितु छात्रों की प्रतिभा संवर्धन हेतु मार्गदर्शन देंगे ।

### कैंटाबिल ने रिटेल में किया विस्तार

वैधान। परिधान निर्माताओं एवं रिटेल विक्रेताओं में से एक, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने वैधान में अपना रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। 1500 वर्ग फुट क्षेत्रफल में फैलाए ब्रांड का यह स्टोर ग्राउंड फ्लोर, हर्राई मेन रोड, वार्ड नंबर 31, वैधान, जिला सिंगरौली, मध्य प्रदेश में स्थित है। स्टोर के उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक, दीपक बंसल ने कहा, हमें मध्य प्रदेश में अपने 29 वें रिटेल स्टोर के लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा कि एक ब्रांड के रूप में कैंटाबिल रिटेल को सभी आयु समूहों के मिड.प्रीमियम सेगमेंट में, ग्राहकों के बीच अच्छी तरह से स्वीकारा और सराहा गया है।

### कमिश्नर श्री सुचारी को राजस्व और पुलिस अधिकारियों ने दी भावभीनी विदाई

रीवा। रीवा संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी का स्थानांतरण भोपाल में सचिव सामान्य प्रशासन विभाग किया गया है। स्थानांतरित श्री सुचारी को राजस्व और पुलिस अधिकारियों ने सादे समारोह में भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर एडीजीपी केपी व्यंकटेश्वर राव ने कहा कि सुचारी जी बहुत सुलझे हुए अधिकारी हैं। शासन की योजनाओं तथा राजस्व कार्यों के संबंध में उनके पास असीमित ज्ञान का भण्डार है। हर छोटी-बड़ी बात पर उनकी निगाह हमेशा रहती थी। सुचारी जी के कार्यकाल में संभाग में कानून व्यवस्था को लेकर कई बार कठिन परिस्थितियाँ आईं लेकिन आपने शांत मन से उन्हें दूर करने के प्रयास किए।

**खबर संक्षेप**

## निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में शामिल हुए राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल



**बिजुरी।** मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल शनिवार को नगर पालिका परिषद बिजुरी द्वारा आयोजित बैठक में शामिल हुए बैठक में नगर पालिका बिजुरी के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में नगर पालिका परिषद बिजुरी की अध्यक्ष श्रीमती सहबीन पनिका, एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की, सीएमओ, पार्षद गण तथा नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे। मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने निर्माण कार्यो के भौतिक सत्यापन तथा निर्माण कार्यों की जानकारी नगर पालिका परिषद के संज्ञान में लाकर गुणवत्ता पूर्वक कार्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## होमगार्ड सैनिकों को हाईकोर्ट से राहत



**अनूपपुर।** मप्र में कार्यरत होमगार्ड सैनिकों को एक माह की अवधि के लिए अपनी नियमित सेवा से अवकाश में भेज दिया जाता था, इस वजह से होमगार्ड सैनिक एक माह के लिए कॉल ऑफ ड्यूटी में रहते थे, इन सैनिकों की तरफ से उच्च न्यायालय जबलपुर में अधिवक्ता दीपक पाण्डेय द्वारा याचिका प्रस्तुत की गई थी जिसमे अंतरिम राहत प्रदान करते हुए उच्च न्यायालय ने कॉल ऑफ पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी है। अनूपपुर जिले में कार्यरत 19 होमगार्ड सैनिक को अब कॉल ऑफ में नही भेजा जा सकेगा, कुंवर सिंह वगैरह सैनिक होमगार्ड द्वारा यह याचिका प्रस्तुत की गई थी, मृगेंद्र सिंह बनाम मप्र शासन तथा जगमोहन लाल मिश्रा बनाम मप्र शासन में भी लगभग एक सौ पचास सैनिक को कॉल ऑफ से बाहर करने के आदेश में अंतरिम राहत मिली।

## लंबित प्रकरणों का निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित के निर्देश

**अनूपपुर।** 08 जनवरी राजस्व सेवाओं के लंबित प्रकरणों का सकारात्मक निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित किया जाए। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा अधीक्षक भू-अभिलेख उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व लेखा प्रणाली अंतर्गत भू-राजस्व, पंचायत उपकर, शाला उपकर के बकाया वसूली के लक्ष्य को कार्ययोजना बनाकर निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार जैतहरी को मोजर बेयर कम्पनी से डायवर्सन की बकाया राशि जमा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि मोजर बेयर कंपनी यदि एक सप्ताह के भीतर बकाए की सम्पूर्ण राशि जमा नही करती है, तो उक्त कंपनी के बैंक खाते सीज कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 में दिए गए प्रावधानों के तहत कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी जैतहरी के समक्ष नस्ती प्रकरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि भूमि के नामांतरण संबंधी प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण करना सुनिश्चित करें तथा विशेषकर 6 माह से लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि न्यायालयों में सीमांकन से संबंधित आए हुए आवेदनों का अनिवार्य रूप से पोर्टल में दर्ज कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने भूमि के अविवादित बंटवारे की न्यायालयवार समीक्षा करते हुए प्रकरणों के निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।

### पीड़ितों के साक्ष्य देने के बावजूद पुलिस को कार्यवाही से गुरेज

# खाकी की सह पर कोयलांचल में अवैध कारोबार की बाढ़

कोतमा क्षेत्र में अवैध व्यवसाय का धंधा चरम पर है अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन चोरी ठगी की वारदात की घटनाएं घटित हो रही है लेकिन पुलिस उन्हें पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। जब से कोतमा थाने का प्रभार सुन्देश मरावी ने संभाली है तब से अपराधों में लगातार इजाफा देखा गया है। ऐसा लगता है मानो थाना प्रभारी अपराध में नकेल कसने में नाकाम साबित हो रहे हैं। खुलेआम अवैध व्यवसाय संचालित हो रहे हैं जगह-जगह कबाड़ के ठीहे संचालित है। चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि घर के सामने से खड़ी मोटरसाइकिलों को भी पार करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती है। घरों में चोरी की घटनाएं घटित हो रही है ठगी के मामले भी सामने आ रहे हैं लेकिन अभी तक पुलिस ना तो चोरों को पकड़ पाई और ना ही ठगी करने वालों को यहां तक की कुछ मामलों में तो पुलिस ने मामला भी दर्ज नहीं किया।

## स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता पर पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग

**अनूपपुर/कोतमा।** कोतमा नगर के बीच बाजार में असफल लूट की वारदात को अपराधियों के द्वारा अंजाम दिया गया लेकिन पुलिस आज तक उन तक नहीं पहुंच पाई। यहां तक कि एक वृद्ध महिला की संदिग्ध हालत में मृत अवस्था में मिली थी और परिजनों ने चोरी के बाद घटना को अंजाम दिये जाने की शिकायत भी की थी लेकिन पुलिस आज तक उस मामले का भी खुलासा नहीं कर पाई। चोरी की घटना की सीसीटीवी में कैद फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध करवा रही है उसके बावजूद भी पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पा रही है। अगस्त माह से अब तक कई चोरी की घटनाएं घटित हो चुकी है लेकिन पुलिस अब तक उनका खुलासा कर पाने में नाकाम साबित हो रही है।



### साक्ष्य देने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली

घर के बाहर खड़ी इनफील्ड बुलेट चोरी होने का मामला सामने आया था पीड़ति व्यक्ति द्वारा पुलिस को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं जो अपने आप में कई संदेहों को जन्म दे रहा है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष खटोड़ पिता राजेश खटोड़ निवासी वार्ड नं० 01 कोतमा ने पुलिस के पास किये गए लिखित शिकायत में बताया कि 24 दिसंबर 23 को उसने अपनी रायल इनफील्ड बुलेट ठंडर वर्ड एक्स 350 रेड कलर 2018 मॉडल रजिस्ट्रेशन नं. एमपी 65 एमसी 7436 जिसका इंजन नम्बर यू 3एस5 सी1 जेई 3650 व चेचिस नम्बर एमई 3 यूएस 5सी 1 जेई 309263 है को वह रात 10 बजे अपने घर के सामने खड़ा किया था। सुबह 06 बजे देखा तो बुलेट चोरी हो गई थी। आयुष खटोड़ के लिखित शिकायत पर कोतमा थाना धारा 379 भा. द. वि. के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इस प्रकरण में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए लिखा है कि पीड़ति आसपास के सीसीटीवी कैमरे में ढूंढता रहा लेकिन पता नहीं चला जबकि वास्तविकता यह है कि पीड़ति व्यक्ति ने ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस के पास सीसीटीवी फुटेज के साथ लिखित शिकायत करने पहुंचा था जिसमें पुलिस ने पावती भी दी है बावजूद इसके प्रथम सूचना रिपोर्ट में पुलिस लिखती है आसपास के सीसीटीवी कैमरे में ढूंढ़ता रहा पता नहीं चला।



### पीड़ित के पिता ने बताई आपबीती

पीड़ति आयुष खटोड़ के पिता राजेश खटोड़ ने बताया कि 24 दिसंबर को उसके पुत्र ने बुलेट को घर के सामने खड़ी की थी लेकिन सुबह जब गाड़ी वहां नहीं दिखी तो हमने अपने व आस पास के सीसीटीवी कैमरों में खोज बीन की जिसमें सुबह 06 बजकर कुछ मिनट में दो लोग आते हैं और बुलेट को घसीटते हुए ले जाते हैं हमने जब दूसरे के सीसीटीवी कैमरे में फुटेज खंगाले तो वहां से वाहन चालू कर ले जाया गया हमने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सहित लिखित शिकायत दर्ज कराई जिस पर थाने से पावती भी दी गई है। अब पुलिस ने एफआईआर में क्यों ऐसा लिखा गया है हमें नहीं पता। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में जो व्यक्ति दिखे हैं हमने पुलिस को संभावित नाम भी बताया है लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर रही है और इतने दिनों बाद भी चोरी गये हमारे वाहन का कोई आता पता नहीं है।

### भगवान भरोसे स्थानीय पुलिस

नगर में भरे बाजार से आये दिन वाहन चोरी हो रहे हैं पुलिस पता करने के बजाय भगवान भरोसे बैठी है वाहन चोरी होने पर वाहन मालिक खुद इधर उधर सीसीटीवी कैमरों में पतासाजी करते फिरते हैं और कुछ सुराग हाथ लगने पर पुलिस को उपलब्ध कराने का काम करते हैं लेकिन कोतमा पुलिस अपने चिर परिचित अंदाज में कुछ करने के बजाय चोरों के भरोसे बैठी रहती है कि चोर खुद चोरी के वाहन कहीं छोड़ कर चले जायें तो पुलिस बरामदगी दिखाकर अपनी पीठ खुद थपथपा रही है।

### ठगी की वारदात भी ठण्डे बस्ते मे

नगर के आजाद चौक के पास किराना व्यापारी फूलचंद अग्रवाल से दिनदहाड़े ठगी करते हुए 30000 नगद ठक्कर कर चंपत हो गया लेकिन पुलिस आज तक चोरों का पता लगाना तो दूर उस मामले की एफआईआर भी दर्ज नहीं की है। इसी तरह नगर के वार्ड क्रमांक 7 में रामदास नामदेव के सूने घर में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया जिसकी शिकायत रामदास के द्वारा थाने में की गई और सीसीटीवी के फुटेज भी उपलब्ध करवाए गए लेकिन आज तक पुलिस उस मामले का भी खुलासा नहीं कर पाई। इसी तरह नगर में एक दर्जन से ज्यादा चोरी की घटनाएं घटित हुई पुलिस उन चोरी का भी खुलासा कर पाने में नाकाम साबित हुई। पुलिस अधीक्षक से जनापेक्षा है कि चोरी हुए बुलेट वाहन की जांच के लिए अपने ईमानदार सक्रिय व बहादुर पुलिस को निर्देशित करने करें ताकि आम लोगों का कोतमा पुलिस से उठते विश्वास को रोकने में सफलता मिल सके।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी विभागों के अधिकारी रहें उपस्थित

### टीएल बैठक में समीक्षा कर कलेक्टर ने दिए निर्देश



**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने समय-सीमा बैठक में उपार्जन की समीक्षा करते हुए उपार्जन के दृष्टिकोण से स्थापित किए गए चेकपोस्ट नाकों का आकस्मिक निरीक्षण करने के संबंध में अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने उपार्जन, परिवहन तथा भुगतान के संबंध में सतत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, वन मंडलाधिकारी एस. के. प्रजापति, अनुविभागीय दण्डाधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने टीएल प्रकरणों के संबंध में अधिकतम जानकारी जन आकांक्षा पोर्टल में फीड करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जन आकांक्षा पोर्टल से ही टीएल प्रकरणों की मॉनिटरिंग होगी। उन्होंने बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी विभागीय अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शासन का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इसमें किसी भी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में वन भूमि से संबंधित प्रकरणों के संबंध में अंतर विभागीय चर्चा करते हुए प्रकरणों के निराकरण के संबंध में निर्देश दिए। बैठक मे जिला चिकित्सालय के लिए अधिग्रहीत की गई भूमि के भूमि स्वामियों के प्रकरणों तथा पोस्ट ऑफिस भवन के भूमि से संबंधित अतिक्रमण की समस्या के निराकरण के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में लंबित न्यायालय प्रकरण में समय पर आवश्यक कार्य के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि न्यायालयीन प्रकरणों में समय-सीमा में कार्यवाही नहीं किए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने जनजाति कार्य विभाग अंतर्गत लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों पर नियुक्ति की कार्यवाही किए जाने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए तैयार मॉड्यूल अनुसार कराए जा रहे अध्ययन अध्यापन कार्य की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने लेमनग्रास रोपण कार्य के भौतिक सत्यापन तथा कृषि, उद्यान, पशुपालन आदि विभाग द्वारा बनाए जाने वाले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के कार्य में प्रगति लाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंकों से समन्वय कर तथा बैठक कर कृषकों को लाभान्वित किया जाए। बैठक में बाल स्वास्थ्य कल्याण के तहत स्कूल एवं आंगनबाड़ियों में किए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जानकारी लेते हुए इस कार्य की समय-समय पर मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बिजुरी स्थित चिलिंग प्लांट की दुग्ध समितियों के गठन के कार्य को विस्तारित करने के निर्देश दिए गए।



## अमरकंटक ने बेलगवां टीम को हराकर जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल

**राजेन्द्रग्राम।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहपुर के ग्राम बेलगांवा मे 25 दिसंबर से क्षेत्रीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें 32 टीमों ने भाग लिया। अमरकंटक एवं बेलगवां की टीम ने अपने अपने सभी मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई फाइनल मैच में बेलगवा टीम ने 15 ओवर के मैच में 135 रन का लक्ष्य दिया जिसे अमरकंटक टीम ने एक विकेट खोकर 9 ओवर में हासिल कर विजेता टीम बनी। क्रिकेट टूर्नामेंट समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं भाजपा विधायक प्रत्याशी रहे हीरा सिंह श्याम थे जिन्होंने विजेता अमरकंटक टीम को 15000 हजार रुपए नगद एवं विजेता ट्रॉफी के साथ सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया वही उपविजेता टीम बेलगवां को पुष्पराजगढ़ जनपद अध्यक्ष श्रीमती मिथिलेश सिंह ने 10000 रुपए नगद एवं ट्रॉफी देकर सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। टूर्नामेंट समापन समारोह में उपस्थित मुख्य रूप से आशुतोष सिंह यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराजगढ़, बेला बाई सरपंच बहपुर, चंद्रभान सिंह सरपंच ताली, पप्पू सिंह सरपंच बसही एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के अलावा हजारों की तादाद में दर्शक उपस्थित थे।

# गरिमामयी तरीके से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह



### कलेक्टर ने ली आयोजन तैयारी संबंधी बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनूपपुर।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के आयोजन के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में गणतंत्र दिवस का आयोजन गरिमामय रूप से सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं पुख्ता करने तथा आयोजन संबंधी जिन विभागों को जिम्मेदारी दी गई है, उन्हें निर्धारित समय में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित सर्व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने ध्वजारोहण के दौरान एवं पष्चात ध्वज संहिता का गंभीरता से पालन करने तथा जिले के सभी कार्यालयों में 26 जनवरी को प्रात 8 बजे तक ध्वजारोहण समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. प्रांगण में प्रात 9 बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए आकर्षक तथा जनजागरूकता संदेशयुक्त विभागीय झांकियां तैयार की जांए। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा शांति के प्रतीक के रूप में गुब्बारे छोड़े जाएंगे। समारोह में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी स्काउट तथा अन्य टुकड़ियों के साथ परेड का आयोजन होगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को पुरुस्कृत किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए साफ-सफाई, पेयजल, पुलिस एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी की व्यवस्था, बैरीकेटिंग, मंच व्यवस्था आदि के संबंध में निर्देश दिए गए।

# मौसम के बदले मिजाज ने घरों में दुबककर रहने को किया मजबूर




### कोहरे एवं ठंड के बीच स्कूल पहुंचे बच्चे

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश में 8 जनवरी को कड़कड़ाती ठंड के बीच बारिश और घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया था। ऐसे में लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। मध्य प्रदेश में घने कोहरे के साथ कई जिलों में हो रही बारिश ने कंपकंपी और बढ़ा दी है। 8 जनवरी को भी मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलो में घने कोहरे और गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया था। जानकारी के मुताबिक राज्य में 11 जनवरी तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा यानी 11 जनवरी के बाद बारिश से राहत मिलने की संभावना है। मौसम की बात करें तो घना कोहरा और ठंड लोगों को परेशान कर रही है।

### बदला मौसम का मिजाज

मध्य प्रदेश में बह रही सर्द हवाओं के चलते मौसम का मिजाज बदल गया है. एक ओर इन सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण एवं कोयलांचल क्षेत्र में भी 8 जनवरी सोमवार को घना कोहरा छाया रहा। कोतमा नगर में तो सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा जिसके कारण लोग सुबह घूमने भी नहीं निकले। स्थिति यह रही की कुछ दूरी पर ही कुछ नजर नहीं आ रहा था बस कोहरा ही कोहरा नजर आ रहा था। लोग अपने वाहनों की लाइट जलाकर सड़कों पर चलते नजर आए। पूरा क्षेत्र कोहरे की चादर से लिपटा नजर आ रहा था।

सुबह से ही कोहरा छाया रहा इस बीच बच्चे स्कूल जाने के लिए घर से पैदल स्कूल बसो के इंतजार में नजर आए कोहरे एवं ठिठुरन भारी ठंड मे भी बच्चे स्कूल जाने के लिए बसो का इंतजार कर रहे थे। मौसम को देखते हुए जिला कलेक्टर को एक से कक्षा पांचवी तक के बच्चों के स्कूलों की छुट्टी कर देनी चाहिए। क्योंकि मौसम विभाग ने लैंड जारी किया है कि 11 जनवरी तक ऐसा ही मौसम का मिजाज रहेगा। कोहरे के कारण आवागमन करने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा वही बस स्टैंड में यात्री बसों का इंतजार करते नजर आए कोहरे के कारण बस भी अपने निर्धारित समय से लेट चल रही थी। जिसके कारण यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# ग्राम पंचायत कुकुरगोड़ा में आयोजित किया गया कार्यक्रम व शिविर

**अनूपपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले भर में लगातार आयोजित की जा रही है। इस यात्रा के तहत जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत कुकुरगोड़ा में 6 जनवरी दिन शनिवार को ग्राम पंचायत भवन में भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सिविल लगाया गया शिविरों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी से शासन की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस शिविर का शुभारंभ विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती वाल्मिक राठौर ने किया। इस अवसर पर विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी ने कहा कि केंद्र सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार क्षेत्र के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा से विकास योजनाओं की पहुंच जन-जन तक सुलभ हो रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव इसलिए पहुंच रही है कि गांव के लोग की जो भी समस्या जैसे रोड पानी बिजली स्वास्थ्य विवाह रोजगार आदि की कोई भी समस्या हो वे सिविल में आकर अपनी समस्या बताएं जिससे कि वह समस्या तुरंत हाल कराई जा सके। सिविल को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत जैतहरी सीईओ श्री मिश्रा ने कहा भारत सरकार की नई योजना जन मन योजना लागू हो गई है जिसमे बैगा विशेष बहुल बस्तियों के सर्वे का कार्य बड़ी तेजी से किया जा रहा है। जिसका कार्य 5 जनवरी से हमने शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना लागू हो चुकी है यह विशेष बैगा बहुल बस्तियों के लिए बैगा जनजाति अति पिछड़ी जाति के लिए है जिसमें जन मन आवास योजना अंतर्गत पहले 1 लाख पचास हजार रुपए दिए जाते थे अब नई योजना में 2 लाख 39 हजार रुपए मकान बनाने के लिए दिए जाएंगे जिसमें शौचालय भी उपलब्ध रहेगी भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार का संयुक्त प्रयास है कि जनमन आवास योजना के समस्त पात्र हितग्राहियों के खाते में मकान बनवाने के लिए 10 जनवरी से 15 जनवरी तक प्रथम किस्त की राशि पात्र हितग्राही के खाते मे हस्तांतरित की जा सके। जनपद पंचायत जैतहरी क्षेत्र में लगभग 1800 पात्र हितग्राही का चयन किया गया है। जल्द ही उनके खाते में समय सीमा पर प्रथम किस्त की राशि को हस्तांतरित की जायेगी जिससे मकान निर्माण का कार्य शुरू हो सके।

